# प्रसार भारती

## आकाशवाणी केन्द्र शिमला

**29.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

**''मुख्य समाचार''**

- प्रदेश में चरम पर पहुंचा चुनाव प्रचार– खुलेआम प्रचार के लिए अब एक दिन बाकी– भाजपा व कांग्रेंस ने प्रचार में झोंकी पूरी ताकत।
- केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा– पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने हर घर को सड़क से जोड़ने का किया काम।
- कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने मोदी सरकार पर आपदा के समय हिमाचल को कोई आर्थिक मदद न देने का लगाया आरोप।
- प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर जारी– कई ज़िलों में स्कूलों में छुट्टी का ऐलान।

.........................................

**चुनाव प्रचार**

प्रदेश में एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रचार–अभियान अंतिम चरण में पहुंच गया है। राज्य में खुलेआम चुनाव प्रचार कल शाम बंद हो जाएगा। ऐसे में दोनों प्रमुख दलों भाजपा व कांग्रेस ने प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। दोनों ही दलों के स्टार प्रचारक राज्य में ताबड़तोड़ चुनावी रैलियां कर रहे हैं। केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने आज ऊना व कुल्लू ज़िले में चुनाव प्रचार किया जबकि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कुल्लू और मण्डी ज़िले में दो चुनावी रैलियां कीं।

**नितिन गडकरी**

वरिष्ठ भाजपा नेता व केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने आज ऊना ज़िले के कुटलैहड़ और कुल्लू ज़िले के आनी में भाजपा की विजय संकल्प रैलियों को संबोधित किया। उन्होंने लोगों से भाजपा प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया। नितिन गडकरी ने कहा कि ये चुनाव जनता के भविष्य का फैसला करने वाला चुनाव है और देशभर में भाजपा को भारी जनसमर्थन मिल रहा है। गडकरी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने देश के हर गांव को सड़क से जोड़ने का कार्य किया है और हिमाचल को केन्द्र सरकार ने बड़ी संख्या में राष्ट्रीय उच्च मार्ग व फोरलेन दिए हैं। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने विकास के जो कार्य किए हैं, वो कांग्रेस अपने 60 वर्ष के कार्यकाल में भी नहीं कर सकी। उन्होंने कहा कि वर्तमान केन्द्र सरकार काम करने वाली सरकार है और भारत को

विश्व गुरू बनाने के लिए फिर से भाजपा के हाथ में सत्ता सौंपने की ज़िम्मेदारी जनता की है। नितिन गडकरी ने कहा कि कुटलैहड़ में निर्मित 9 सौ करोड़ का लठियानी–मंदली पुल भी भाजपा सरकार की ही देन है और कीरतपुर–नेरचौक फोरलेन के माध्यम से चण्डीगढ़ से मनाली की यात्रा अब लगभग 5 घंटे की हो गई है।

**प्रियंका गांधी**

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने आज कुल्लू व मण्डी में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया और रोड शो में भाग लिया। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष हिमाचल को भयंकर आपदा का सामना करना पड़ा और प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने आपदा राहत के लिए भरपूर प्रयास किए लेकिन केंद्र सरकार की तरफ से कोई विशेष मदद नहीं की गई। प्रियंका गांधी ने कहा कि हिमाचल में विधानसभा चुनाव से पूर्व कांग्रेस ने कर्मचारियों के ओपीएस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया और सरकार बनते ही ओपीएस बहाल कर अपनी गारंटी को पूरा किया। उन्होंने कहा कि इसी तरह महिलाओं को 1500 रूपए मासिक भत्ता दिए जाने की गारंटी को भी पूरा कर दिया गया है। प्रियंका गांधी ने कहा कि कांग्रेस जो वादा करती है उसे पूरा करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार महंगाई और बेरोज़गारी पर अंकुश लगाने में विफल रही है और अग्निवीर योजना लाकर युवाओं के साथ धोखा किया गया है। प्रियंका गांधी ने दावा किया कि देश में इस बार इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है और प्रदेश में भी कांग्रेस पार्टी चारों लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करेगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू और पार्टी प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने भी रैली को संबोधित किया।

**अनुराग ठाकुर**

केन्द्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी को अपनी हार का आभास हो गया है और पार्टी नेता बौखलाहट में तथ्यहीन बयानबाज़ी कर रहे हैं। हमीरपुर से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार लगभग डेढ़ वर्ष बाद भी अपनी एक भी गारंटी पूरी नहीं कर पाई है और प्रदेश के युवा 5 लाख नौकरियों का इंतज़ार कर रहे हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा चुनाव से पहले महिलाओं को 15 सौ रूपए देने, 3 सौ यूनिट निशुल्क बिजली देने, 5 लाख सरकारी नौकरियां प्रदान करने और दूध सौ रूपए प्रति लीटर खरीदे जाने सहित कई वायदे किए थे लेकिन अब कांग्रेस इन सबको भुला चुकी है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री बड़सर के पूर्व विधायक पर निराधार आरोप लगाकर जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने आज हमीरपुर ज़िले के नादौन में अनेक स्थानों पर चुनाव प्रचार किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार अपना 5 वर्ष का कार्यकाल पूरा करेगी और भाजपा के

सरकार गिराने के सपने कभी पूरे नहीं होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने राज्य की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने की कोशिश की है और पिछले डेढ़ वर्ष में समाज के हर वर्ग को सरकारी योजनाओं के माध्यम से लाभ पहुंचाया गया है। सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा कि नादौन क्षेत्र के विकास में भाजपा का कोई योगदान नहीं है और क्षेत्र में हुए विकास का श्रेय कांग्रेस पार्टी को जाता है। उन्होंने मतदाताओं से हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी सतपाल रायजादा के पक्ष में मतदान की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने कर्मचारियों को पुरानी पैंशन योजना बहाल कर उनका बुढ़ापा सुरक्षित किया है।

**पवन खेड़ा**

अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के मीडिया प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने मोदी सरकार पर बढ़ती महंगाई और बेरोज़गारी पर अंकुश लगाने में नाकाम रहने का आरोप लगाया है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्ष में बेरोज़गारी की दर 45 दशमलव 4 फीसदी तक पहुंच गई है जबकि भाजपा नेता इस पर कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। पवन खेड़ा ने कहा कि मोदी सरकार ने भारतीय सेना में अग्निवीर योजना लाकर युवाओं के साथ धोखा किया है क्योंकि इससे 22 वर्ष का युवा सेवानिवृत्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल में आपदा से भारी नुकसान हुआ लेकिन मुआवज़े के रूप में मोदी सरकार ने प्रदेश को कुछ भी नहीं दिया। खेड़ा ने कहा कि इसके विपरीत प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने पूरी कर्मठता से कार्य किया जिसकी दुनियाभर में प्रशंसा हो रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में किसानों, दलितों, युवाओं, महिलाओं और आदिवासियों सहित सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है।

**कंगना रनौत**

मण्डी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने आज मण्डी ज़िले के जोगिन्द्रनगर क्षेत्र में रोड शो कर चुनाव प्रचार किया। उन्होंने विपक्षी पार्टियों के इंडी गठबंधन को भ्रष्टाचारियों की सेना करार देते हुए कहा कि ये लोग कभी भी देश का भला नहीं सोच सकते हैं। कंगना रनौत ने कहा कि मोदी सरकार ने आपदा के समय हिमाचल की भरपूर आर्थिक मदद की लेकिन राज्य सरकार ने केन्द्र द्वारा भेजी गई धनराशि की बंदरबांट की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में देश को भ्रष्टाचार मुक्त शासन दिया है और भ्रष्टाचार पर पूरी तरह से अंकुश लगाया गया है।

**शशि थरूर**

कांग्रेस नेता और पूर्व केन्द्रीय मंत्री शशि थरूर ने दावा किया है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा 2 सौ से कम सीटों पर सिमट जाएगी। धर्मशाला में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की गलत नीतियों के कारण देश में महंगाई व बेरोज़गारी लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि देश में आज 42 फीसदी से अधिक युवा स्नातक की डिग्री हासिल करने के बाद बेरोज़गार घूम रहे हैं और 80

फीसदी लोगों की आय कम हुई है। शशि थरूर ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने और लोकतंत्र को बचाने के लिए कांग्रेस पार्टी को सत्ता में लाना ज़रूरी है।

**मनीष गर्ग**

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने कहा है कि पहली जून को मतदान के दिन राज्य के सभी पंजीकृत मतदाताओं के लिए वेतन सहित अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके तहत राज्य सरकार के सभी कार्यालय जैसे, बोर्ड, निगम, शिक्षण संस्थान और औद्योगिक प्रतिष्ठान शामिल हैं। दैनिक वेतनभोगियों को भी ये अवकाश वेतन सहित मान्य होगा। मनीष गर्ग ने कहा कि इस आदेश का उल्लंघन करने और मतदान के दिन वेतन सहित अवकाश न देने वाले नियोक्ताओं पर जुर्माना लगाया जाएगा।

**मौसम**

प्रदेश के अधिकांश भागों में पिछले कुछ दिनों से भीषण गर्मी का दौर जारी है और दिन के समय लोगों को घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। ऊना, बिलासपुर और सिरमौर सहित कई ज़िलों में पारा 40 से 45 डिग्री के बीच दर्ज किया जा रहा है। भीषण गर्मी को देखते हुए ऊना, हमीरपुर, कांगड़ा, सोलन और सिरमौर ज़िले में स्कूल बंद रखने के आदेश जारी किए गए हैं। कांगड़ा ज़िले में 31 मई तक सभी स्कूलों में बच्चों को छुट्टी रहेगी जबकि अध्यापकों व आंगनबाड़ी केन्द्र के स्टाफ को रोज़ाना की तरह स्कूल आना होगा। ऊना ज़िले में 31 मई तक सभी सरकारी व निजी स्कूलों को बंद रखने के आदेश दिए गए हैं। चम्बा ज़िले में भी कल 30 व 31 मई को स्कूल बंद रहेंगे। हमीरपुर ज़िले में सभी सरकारी व निजी स्कूल 30 मई से 4 जून तक बंद रहेंगे। जबकि सोलन ज़िले के ग्रीष्मकालीन अवकाश वाले स्कूल भी 30 मई से 4 जून तक बंद रहेंगे। उधर सिरमौर ज़िले में प्रशासन ने ग्रीष्मकालीन अवकाश वाले सभी सरकारी व निजी स्कूलों के अलावा आंगनबाड़ी केन्द्र कल 30 और 31 मई को बंद रखने के आदेश दिए गए हैं। इस बीच, मौसम विभाग ने कल से राज्य के अनेक स्थानों पर गरज के साथ वर्षा की संभावना जताई है जिससे लोगों को बढ़ती गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है।